मासिक –

# मानव मन्दिर

सम्पादक :

डा० परस राम अग्रवाल


| वर्ष 9 | सोमवार 10 जनवरी 1983 | संख्या 9 |
|---|---|---|

# सत्संग परम सन्त परम दयाल फ़कीर चन्द जी महाराज, मानवता मन्दिर, होशियारपुर

दिनांक 17-7-81

## फ़कीर अन्तिम गुरु पूर्णिमा वचन

तुम आये, मुझे मत्था टेका, पैसे दिये, कपड़े दिये, ठीक है। मैं अपनी आत्मा से पूछता हूँ ओए फ़कीर चन्द! यह मकड़ी का जाला तुमने क्यों बनाया? सुनो दोस्तो! मैं बचपन से उस परमात्मा को मिलने के लिए निकला था। हिन्दु था, अपने सनातन के असूल के अनुसार ईश्वर को, परमेश्वर को, ब्रह्म को, देवी-देवताओं को मानता था। चौबीस घण्टे रोने के बाद, क्योंकि मुझे ख़याल मिला हुआ था कि वह अवतार लेता है, रामायण में लिखा हुआ था :—

ता यह जज़्बा पैदा हुआ कि उस राम को अवतार के रूप में, इन्सानी शक्ल में देखूं, जैसा कि मैं पहले कहता रहता हूँ। एक दृश्य था, मुझे दाता के चरणों में ले गया। उन्होंने यह सन्तमत मुझको दिया। इस सन्तमत की वाणियां जब मैंने पढ़ीं तो मेरे दिल को चोट लगी। वे वाणियाँ क्या हैं, एक शब्द सुनो :—

इक पुरुष अजायब पाया, कोई मर्म न उसका गाया।
विन सन्त हाथ नहि आया, ऋषि मुनि सब धोखा खाया।

क्या व्यास वसिष्ठ भुलाया, क्या शेष महेश भ्रमाया।
पारासर जोगी नारद, शृंगी ऋषि गोता खाया।

हम कहें कौन समझाई, परतीत न कोई लाया।
सन्तन यह भाख सुनाया, कोई गुरुमुख बूझ बुझाया।

घट घट में काल समाया, श्रुति सिमृत जाल विछाया।
खट शास्तर बुद्धि चलाया, अंध मिल धूल उड़ाया।

कुछ हाथ न उनके आया, विन सत्तगुरु भटका खाया।
सन्तन वह देश जनाया, तब तुच्छ जीव भी पाया।

नीचों को घाट लगाया, ऊँचों को काल बहाया।
राधास्वामी पता बताया, खोजी की कमर बंधाया।

RADHASWAMY DAYAL KI DAYA RADHASWAMY SAHAY
PURNADAYAL

अब तुम देखो ! कि सन्तमत कहाँ पहुँचाता है। इस पुरुष अजायब की तलाश में मैंने अपना जीवन खो दिया। इस वाणी में स्वामी जी ने सब महापुरुषों और सब मज़हबों का खण्डन कर दिया। वह कहते हैं मुसलमान नहीं पहुँचे, ईसामसीह नहीं पहुँचा, जैनी और बौद्ध नहीं पहुँचे, सनातन नहीं पहुँचा तथा राम और कृष्ण को भी काल का अवतार बताया है। उस समय मेरा यक़ीन अपने सत्तगुरु दाता दयाल से तो टूटा नहीं मगर इन वाणियों की मुझे समझ नहीं आती थी। उस वक्त मैंने प्रण किया था कि इस रास्ते पर सच्चा होकर चलूंगा, जो कुछ मुझे मिलेगा मैं संसार को बता जाऊंगा। दूसरे मेरे दाता दयाल ने कहा था कि चोला छोड़ने से पहले शिक्षा को बदल जाना। अब तुम देखो, यह सन्तमत कहाँ पहुँचाता है। इस अजायब पुरुष की तलाश में मैंने अपना जीवन खो दिया।

और देखो ! इस दुनियां के बनाने वाले को इन सन्तों ने ज़ालिम और निर्दयी कहा है। अब मेरे जैसा आदमी जो इस दुनिया के पैदा करने वाले

को पूजता था, मत्था टेकता था, उसके लिए यह वाणी सुननी कि जिसने यह दुनिया पैदा की है वह ज़ालिम है, कितना मुश्किल था। इस वाणी से तो मेरा विश्वास गया नहीं क्योंकि मेरा विश्वास था दाता दयाल पर, उन्होंने ही मुझको यह वाणी दी थी। आज मैं कहता हूँ कि इस दुनिया को पैदा करने वाला वास्तव में ज़ालिम है। हर एक अपनी बात सोचे। मेरी लड़की है वह आधी पागल है। पैंसठ साल की हो गई मेरे घर में रहती है। अब मैं सोचता हूँ इसका ज़िम्मेवार कौन है, क्या मैं नहीं हूँ? मेरी ही कमज़ोरी या मेरे ही ख़्यालात या मेरे ही विचारों का नतीजा मेरी लड़की पर गया कि नहीं गया! तो क्या फिर मैं ज़ालिम नहीं हूँ? हम लोग अपने स्वार्थ और अपने आनन्द के लिए बच्चे पैदा करते हैं, बच्चों के ख्याल से नहीं करते बल्कि आनन्द लेने के लिए करते हैं, बच्चे खुदरौ अर्थात् बिन बुलाये मेहमान आ जाते हैं। वे टी. बी. से मरते हैं, मुकद्दमे चलते है, बादशाह भी हो जाते हैं, दुःख भी उठाते हैं, तो क्या हम ज़ालिम नहीं हैं? दिमाग़ वाले आदमी सोचें कि मैं ग़लत कह रहा हूँ या

ठीक कह रहा हूँ ! जिस ताकत ने यह दुनिया बनाई है उसने अपनी खुशी से दुनिया रची है। आप देखो ! वृक्ष पैदा होते हैं, इनको कीड़े खाते हैं, क्या वृक्ष में जान नहीं है ? एक कीड़ा दूसरे कीड़े को खाता है, तीसरा चौथे को खाता है। मैं रात को सोता हूं मक्खियाँ तंग करती हैं। मैं कहता हू भई ! डी.डी.टी, लेकर छिड़क दो यहां और वे मर जाती हैं। यह दुनिया है क्या !

तो राधास्वामीमत या सन्तमत केवल उन आदमियों के लिए है जिनको यह यकीन हो गया है कि इस दुनिया में सुख नहीं, यहां सुख और दुःख दोनों हैं और जो इससे बचना चाहते हैं उनके लिए है यह सन्तमत, आम दुनिया के लिए नहीं है। मैं इसीलिए दुनिया को नाम नहीं देता। मेरे पास जितने आदमी आते हैं इस दुनिया के दुःखों से बचने के लिए आते हैं। कल एक आदमी आया वह रोता था। रात को मेरे पास दो औरतें गईं, कहती थीं बारह-2 वर्ष हो गये बच्चे नहीं हुए। मैं हँसा, यह दुनिया है क्या ? मुसीबत की जगह है। तो जिन शख्सों को इस बात का एहसास होता है कि भई ! यह तो हम

जन्मते रहेंगे, मरते रहेंगे, हमें तकलीफ़ है उनके लिए यह सन्तमत है, दुनिया के लिए बिलकुल नहीं ! मगर हम गुरु जो राधास्वामीमत या कबीरपन्थ के थे जो असलीयत है उसको छोड़कर के हम तो दुनिया में फँस गये ! नाम लिया चौथे पद का तो काम किया हमने दुनिया का ।

तो मैं यह काम क्यों करता हूँ क्योंकि मेरे ज़िम्मे यह ड्यूटी थी कि तालीम बदल जाना, तो मैंने यह समझा कि भई ! इस दुनिया से पार जाने वाले तो दुनिया में हैं कोई नहीं । यह तो कोई-2 आदमी है जो यह चाहता है कि दोबारा न जन्मूं, इसलिए मैंने अपने आश्रम का नाम साधारण जनता के लिए 'इन्सान बनो' रखा । अब इन्साम कौन है ? :—

गुरु पशु त्रिया पशु वेद पशु नर पशु संसार ।
मानुष ताहि जानिए जा में विवेक विचार ।।

जिसमें सच्ची समझ और विवेक है, उसके साथ जो अपना जीवन गुज़ारता है वह इन्सान है । जिस आदमी में विवेक शक्ति है, समझ-बूझ का माद्दा है

और वह समझ-बूझ के सहारे दुनिय काम करता है वह इन्सान है, यह मेरी समझ में आया है।

चूँकि दाता दयाल ने कहा था फ़क़ीर चन्द ! तालीम को बदल जाना, मैं नहीं कहता कि जो कुछ मैंने कहा है यही फाइनल है, मैं कान को हाथ लगाता हूँ। मेरे ज़िम्मे तो एक ड्यूटी है। अब आप लोग आये, आपने पैसा दिया अगर आप के इस पैसे को मैं खा जाऊँ तो मैं तो कुष्ठी हो कर मरूंगा। मेरा क्या हक़ है आप लोगों से लेने का ? मगर अगर आप दें नहीं तो आपका गुज़ारा नहीं इसलिए राधास्वामीमत में या सन्तों के मार्ग में।—

शिष्य को ऐसा चाहिए कि गुरु को सब कुछ देय,
गुरु को ऐसा चाहिए कि शिष्य का कछु न लेय।

इस वास्ते मैं आप लोगों का न तो कपड़ा लेता हूँ न कोई चीज़ लेता हूँ। एक आदमी ज्ञानवान् है, यार- दोस्त है वह मेरी सेवा कर जाता है मुझे उसका कोई दुःख नहीं, मैं उनकी सेवा कर देता हूँ वे मेरी सेवा कर देते हैं।

तो आज गुरु पूर्णिमा है, सब से पहिले मैं उन सत्संगियों को इज़्ज़त करता हूँ जिनकी वजह से मुझे इस अजायब पुरुष का पता लगा, मैं खुद इस मन के चक्कर में फँसा हुआ था। कानपुर से आज एक अमरनाथ यहाँ आया हुआ है, कहता है तीन साल हुए उसके अन्दर एक रूप प्रकट हुआ, उसने कहा कि तेरा वक्त आ गया। इसको पता नहीं था कि यह शक्ल किसकी है। यह इसकी तलाश में रहा किसी ने कहा भई! पण्डित खुशदिल्ल के पास देहरादून चले जाओ वह बता देगा। वह उसके पास गया। उसने कहा, जो तेरे अन्तर प्रकट हुआ है उसकी शक्ल बना दो। इसने उसकी शक्ल बना दी। उसने कहा "इस शक्ल के दो आदमियों को मैं जानता हूँ एक पीरेमुर्शां (दिल्ली), एक फ़कीर चन्द है।" और यह तलाश करता हुआ मेरे पास आया। अब मैं अपनी आत्मा से पूछता हूँ क्यों फ़कीर चन्द! तू उसके अन्दर गया था? मैं नहीं गया। तुझ को पता था? नहीं। इस वास्ते मैंने इस आदमी को अच्छे कपड़े दिये और अब साढ़े चार सौ रुपया इसके चरणों में भेंट किया। क्यों

किया ? इन लोगों के कारण मुझे यह यक़ीन हो गया कि जो कुछ सन्तमत ने कहा है वह ठीक कहा है। कोई गुरु, कोई राम, कोई कृष्ण, कोई देवी बाहर से इन्सान के अन्दर नहीं आता। इसी एक भ्रम में आकर इन्सानी नसल हज़ारों मज़हबों, हज़ारों पन्थों व फ़िरकों में बँट गई। कई दफ़ा सोचता हूँ यह बात क्या है ? मैं इस बात को समझता हूँ। बात यह है कि हम और तुम, जो कुछ भी हम सोचते, बोलते हैं, ब्यान करते हैं यह सब इस ब्रह्माण्ड में रहता है। हर एक इन्सान के शरीर के अन्तर से जैसा वह होता है एक रेडियेशन बाहर फैलती रहती है। इसका सबूत वैज्ञानिक तो समझते हैं मगर साधारण जनता नहीं समझती। पुलिस वालों के पास कुत्ते होते हैं कि नहीं होते। जहाँ डाका पड़ता है, कोई चोरी होती है, पुलिस वाले उसकी कोई चीज़ कुत्ते को सुंघा देते हैं, जहाँ-2 से वह डाकू या चोर गया हुआ होता है, जो गन्ध उसके कपड़े में होती है वह क्योंकि वहाँ फैलती जाती है, कुत्ता उस गन्ध को सूंघता हुआ जा कर उसको पकड़ लेता है। तो इससे साबित

हुआ कि हम या तुम जो कुछ भी हैं, जो कुछ हमारे अन्दर से निकलता है वह बाहर इस ब्रह्माण्ड में रहता है। ऋषियों और महापुरुषों के अच्छे ख़्यालात भी रहते हैं, और बुरे ख़्यालात भी आसमान में रहते हैं, जब किसी चीज़ की ज़बर्दस्त ज़रूरत होती है, वह जब चाह करता, मांगता व अपने अन्दर प्रार्थना करता है तो उसके अन्दर *Vaccum* (शून्य स्थान, आकाश) हो जाता है अर्थात् उसका मन खाली हो जाता है। आप किसी चीज़ की ज़बर्दस्त चाह रख कर मांगो कि मुझे वह चीज़ मिल जाये, सच्चे दिल से प्रार्थना करो आप का मन खाली हो जायेगा या नहीं हो जायेगा ? तो क़ुदरत में कोई चीज़ खाली नहीं रहती इसलिए चाह करने वाले की जिस किस्म की वासना होती है उस किस्म की वासना के अबखरात जो संसार में होते हैं वह शक्ल बनाकर उसके अन्दर आते हैं, यह नहीं कि फ़कीर चन्द आता है या कोई आता है। तुम्हारे हमारे, सब के ख़्यालात जाते हैं इस वास्ते मैंने तालीम को बदला है कि ऐ इन्सान ! तू अगर अपने दिल के अन्दर गन्दे ख़्यालात रखेगा,



RADHASWAMY DAYAL KI DAYA RADHASWAMY SAHAY PURNADAYAL

दुश्मनी के विचार रखेगा, तो तू आप चाहे किसी का कुछ नुकसान न कर तेरे जो ख़यालात इस ब्रह्माण्ड में रहेंगे वे नुकसान पहुँचायेंगे। क्या कहा मैंने, मेरी बात को समझने की कोशिश करो यदि दिमाग़ रखते हो तो। अच्छे ख़यालात भी और बुरे ख़यालात भी संसार में वातावरण में रहते हैं, यह साईन्स है। तो जहाँ, जो आदमी जिस प्रकार की ख़्वाहिश करता है वो जिस प्रकार के ख़यालात इस ब्रह्माण्ड में होते हैं वो शक्ल बनाकर उसके सामने जाते हैं या किसी तरीक़े से उसकी कमी को पूरा कर देते हैं। तो ऐ इन्सान! तू बेशक किसी को मुक्का न मार, किसी को तंग न कर मगर अगर तेरे दिल में ये गन्दे ख़यालात हैं कि अमुक बुरा है, अमुक यह है, अमुक वह है ये तुम्हारे ख़यालात ब्रह्माण्ड में रहेंगे और दूसरे आदमी जो-जो सम्पर्क में आयेगे उन पर असर करेंगे। क्या कहा मैंने!

अब आप लोग सत्संग में आये हैं। मैं आप लोगों को सत्संग देना चाहता हूँ। देखो! मैं सत्संग कराता हूँ, मेरी रेडियेशन आपको जाती है, आप जो मेरे पास आये हैं, मेरे पांव को माथा टेकते हैं। मेरे

शरोर को हाथ लगाते हैं तो आपकी रेडियेशन भी मुझे खाती है; मेरे मन पर असर होता है और मैं उस असर को महसूस करता हूँ, तभी तो मैं कहता हूँ कि मैंने पिछले जन्म में बड़े खोटे कर्म किये हैं कि जो मुझे यह काम करना पड़ा। क्या कहा मैंने! मैं तो कहता हूँ, आप लोग जो आते हैं मैं तो आप लोगों को अपना दुश्मन समझता हूँ। अगर बीस-तीस वर्ष पहले मुझे यह पता होता तो मैं कभी यह काम न करता, दाता दयाल के हुक्म को भी अनसूनी कर जाता। यह तो साईन्स है, मुझे हैजा हुआ-2 है, प्लेग हुई-2 है; जो भी मेरे सम्पर्क में आयेगा, उसको लगेगी, लगेगी कि नही लगेगी मुझे बताओ! वह तो जिस्मानी चीज़ है, ये मन के ख़्यालात हैं और आत्मा के ख़्यालात हैं। इसलिए उससे बचने का अब मैं क्या इलाज करता हूँ कि मैं आप में से किसी से प्यार नहीं करता और अपनी ज़ाती गरज़ आप से नहीं रखता। यह ख़्याल नहीं आता कि अमुक आये तो मेरे मन्दिर में 10 रु. दे जाये या मेरी सेवा कर जाये, यह नहीं करता। आप के प्रेम का जवाब निष्काम प्रेम मैं देता हूँ। कुसंगत के असर से बड़-2

महात्मा गिर जाते हैं। कल कहीं से एक औरत आई हुई है, उसने कहा मेरा भाई था, कोई अवधूत था, नंगा रहता था और बेफिक्र तथा मस्त रहता था, वह उसका चेला बन गया और वह चेलों के चक्कर में आ गया। औरतें वहाँ जाने लगीं, वह अवधूत उनके जाल में फँस गया। उसका भाई जो था उसने हज़ारों रुपये देकर वहाँ मन्दिर बनवाया, यह किया और वह किया, अब वह उदास होके घर में वापिस आ गया। वह महात्मा क्यों गन्दा हुआ! क्योंकि उस महात्मा ने तुम गृहस्थियों के साथ प्रेम किया। इस वास्ते मैं बिलकुल स्पष्ट बात कहता हूँ, कभी-2 मैं पुरुषोत्तम दास से भी प्रेम किया करता था जब से यह ज्ञान हुआ, अब किसी से प्रेम नहीं करता। अगर मैं तुम्हारा ख्याल करूँ तुम से प्रेम करूँ तो तुम मुझको बताओ कि मैं कहाँ जाऊंगा ?

मुद्दत हो गई आप लोगों को सत्संग करते-2, गुरु से प्रेम करते हो और फिर दूसरों से प्रेम हो, क्या वो असर तुम्हारे में नहीं जायेगा ? यही कारण है कि हम लोगों की कोई उन्नति नहीं होती। इसवास्ते

यह नामदान किसके लिए है ? हम गुरुओं ने यह नामदान तुम्हारे कल्याण के लिए नहीं दिया, मैं यह हौसले से कहूंगा कि आजकल के हम गुरुओं ने दुनिया को जो नाम दिया वह उनको जहर दिया। क्यों ? उसको मिलना चाहिए नाम :—

विषयों से होय उदासा, परमारथ की जा मन आसा।
धन सन्तान प्रीत नहि जाके, खोजत फिरे साध गुरु जागे।

और फिर हुक्म है कि ज़र, जन और ज़मीन को मौज के हवाले छोड़ कर आओ। मैं आप लोगों को संगत से किसी समय गिर जाता हूँ। मैं प्यार करता हूँ, यह मैं नहीं कहता मगर मैं अपनी जाती गरज़ नहीं रखता। मैं यह इच्छा नहीं रखता, मुझे यह ख्वाहिश नहीं रहती कि तुम आओ तो मन्दिर में पैसा दे जाओ या मेरा कोई काम कर जाओ। क्योंकि मेरे ज़िम्मे ड्यूटी थी कि तालीम को बदल जाना इसलिए मैं अपना कर्म भोगता हूँ।

तो मैंने कहा था कि मैं यह काम क्यों कर[illegible] हूँ ? केवल इस बात को जानने के लिए कि यह राधास्वामियों का या कबीरपन्थियों का खुदा

क्या है जो यह कहते हैं अब मेरी समझ में आ गया कि जो कुछ भी हमारे मन के अन्तर, हम जिसको खुदा मानके पूजते हैं वह तो तुम्हारे मन का बनाया हुआ है। एक आदमी उसको मन से निराकार मान लेता है, दूसरा उसको साकार मान लेता है, उसने अपने मन से ही उसको पूजा कि नहीं पूजा ? तो जितने हम मजहब वाले हैं जिस खुदा को हम पूजते हैं यह हमारा अपना बनाया हुआ खुदा है, असली खुदा यह नहीं है। अब मैं पूछता हूँ क्या असली खुदा है ? हाँ, असली खुदा है। क्या है वह ? जिससे मेरा मन निकला, जिस चीज़ से मेरा मन बना है वह है असली खुदा, क्या कहा मैंने ! वह क्या चीज़ है ? वह है प्रकाश, वह है नूर। अगर नूर (प्रकाश) हमारे जिस्म में न आये तो हमारे अन्दर मन, चित्त, बुद्धि अहंकार नहीं पैदा हो सकते। इसलिए जितने मज़हब वाले हैं कोई देवी को पूजता है, कोई राम को पूजता है, कोई बाबे फ़कीर, मुहम्मद या जैसिस क्राईस्ट को पूजता है। ये किसको पूजते हैं ? ये अपने ही मन को पूजते हैं। इस ख़्याल से मैं मानने के लिए मजबूर हूँ कि जो कुछ, स्वामी

जी ने या सन्तों ने खण्डन किया कि ये सब काल और माया में हैं बिलकुल ठीक है। फिर सन्त किसको पूजते हैं ? उसको पूजते हैं जिसमें से मन, चित्त, बुद्धि अहंकार बनता है; वह है प्रकाश, नूर और यही सनातन धर्म कहता है :—

'भूर्भुवः स्वः महः जनः तपः सत्यम् तत् सवितुर्बरेण्यम् ।'

वह जो सत्यम् है, वह जो नूर या प्रकाश है वह असली खुदा व मालिक है। अगर कोई व्यक्ति सच्चे खुदा को मिलना चाहता है तो वह क्या करे ? अपने अन्तर प्रकाश और शब्द को प्रकट करे, यह है सच्चाई जो मैंने समझी। चूँकि सनातन भी यही कहता है, मुसलमान भी नूर को मानते हैं इसलिए यह जितना झगड़ा है यह उन आदमियों का है जिनको न इस्लाम की असलीयत का पता है, न सनातन की असलीयत का पता है, सारी दुनिया तो मन के चक्कर में फँसी हुई है।

आज गुरु पूर्णिमा है, आप लोगों ने मेरी सेवा की। मै आपकी क्या सेवा करूं ? यही कि जो आदमी कानपुर से आया हुआ है, या आई. सी. शर्मा

हैं अगर यह सच्ची बात उनको नहीं बताता, उनको अपने जाल में फंसाता हूँ, उनसे माथा टिकवाता और पैसे लेता हूँ तो क्या मैं अपराधी नहीं हूँ ? ये जितने महात्मा गुज़रे हैं, मैं हौसले से कहता हूँ कि इन्होंने अपनी ज़िन्दगियों के साथ खेल खेला है। अज्ञान में रखकर के तुम लोगों को ज़रूर दिलासा व हौसला दे गये मगर अपनी जान को बर्बाद कर गये। कोई महात्मा, कोई गुरु किसी के अन्तर नहीं जाता अगर कोई चीज़ जाती है तो मैंने जो कुछ कहा कि रेडियेशन में तरंगें होती हैं वे मौजूद रहती हैं। आजकल की साईन्स ने जर्मन के सैनिट हाल में वर्षों पहले वज़ीरों ने जो लैक्चर दिये हुए थे उनको उन्होंने रिकार्ड किया। तो जो कुछ भी हम सोचते, विचारते व बोलते हैं यह सब इस ब्रह्माण्ड में रहता है। यहाँ किसी को जिस चीज़ की आवश्यकता होती है वह ख्यालात जो ब्रह्माण्ड में हैं वे उसके अन्दर जाते हैं यह मेरा तजुर्बा है। कई आदमी कहते हैं इंग्लैण्ड में रूहों को बुलाते हैं। वह रूह जो आयेगी वह जो आगे होने वाला है उसकी बाबत नहीं बता सकती। वह चूँकि यकसू हो जाते हैं, मरने

वाले के जो ख़्यालात हैं वे ब्रह्माण्ड में रहते हैं, वे ख़्यालात आकर के भोगते हैं मगर वे उसके भविष्य के हालात नहीं बता सकते, यह है सबूत। अफसोस! मुझे शब्द नहीं मिल रहे, मैं जो कुछ आपको कहना चाहता हूँ उसके लिए मैं कोशिश कर रहा हूँ कि मुझे अच्छा शब्द मिले, आप समझ गये मेरी बात को कि नहीं! मरा हुआ कोई नहीं रहता यहाँ, न राम, न दाता दयाल, न बाबा गुरुनानक, केवल उनके ख्यालात, विचार व भाव मौजूद हैं। जब कोई इन्सान अपने अन्दर कोशिश करता है तो वह जो ब्रह्माण्ड के अन्दर ख्यालात होते हैं वे उसके अन्दर आ जाते हैं। गन्दा आदमी होता है तो जो गन्दे ख्यालात फैलते हैं वे आ जाते हैं जिस तरह रेडियो पर देखो ना! हर जगह रेडियो तरंगें चल रही हैं, हमको तो नज़र नहीं आतीं मगर अभी रेडियो लगा दो जालन्धर सुन लो, दिल्ली सुन लो, ऐसे ही हमारे ख़्यालात और हमारे विचार इस ब्रह्माण्ड के अन्दर मौजूद रहते हैं। इन्सान जो बुरा सोचता है वह कहता है मैं किसी का बुरा नहीं करता और मेरी समझ में आया है कि ऐ इन्सान! तू जो हर वक्त गन्दे ख़्यालात

रखता है तू दुनिया के लिए जहर फैला रहा है, तेरे ख़्यालात ब्रह्माण्ड में रहेंगे और दूसरों के ऊपर आक्रमण करेंगे। क्या कहा मैंने! अफसोस !! मुझे लैक्चर देना नहीं आता मगर मैं अपने भाव को ब्यान करता हूँ, इसलिए वेद मार्ग है 'शिवसंकल्पमस्तु'। हम घर में बैठे हुए दूसरों की बुराई सोचते रहते हैं, आप सोचते हैं इसका कोई असर नहीं? वह जो तुम्हारी सोच व विचार है वे जो तुम्हारी तरंगें हैं तुम्हारे अन्दर से निकलती हैं वे ब्रह्माण्ड में रहती हैं उनका असर दूसरों पर पड़ता है। यह तो अब साईन्स ने साबित किया ना! हमारे ऋषि क्या करते थे? औरतें होती थीं वे सिवाय अपने पति के बिस्तर के और किसी दूसरे के बिस्तर पर नहीं सोती थीं! औरतों को मालूम होगा, क्यों? क्योंकि जो, जिस अवस्था में रहता है, जो जैसा है उसके प्रभाव उसके कपड़े में जाते हैं। तो जो आदमी उस कपड़े को इस्तेमाल करेगा उसके जज़बात उसके अन्दर जायेंगे, सोचो मेरी बात को! हमारे यहाँ पगड़ी बदल भाई बनते हैं अर्थात् वह पगड़ी अपनी उसको दे देता है और वह अपनी पगड़ी उसको दे

ता ताकि उसके ख़्यालात उसमें चले जायें और उसके ख़्यालात उसमें चले जायें, यह है साईन्स!

आप लोग सत्संग में आये हैं, मेरी बुढ़ापे की उमर पर रहम करो, बात को समझो और अपना जन्म बनाओ। अरे! पैसे देने से, आरतियाँ करने से या यह करने से अगर तुम यह चाहो कि तुम्हारा कल्याण हो जाय, यह नहीं होगा! नहीं होगा!! नहीं होगा!!! यह दुनिया का व्यवहार है, लेना-देना पड़ता है, न कोई लेता है, न कोई देता है, पिछले जन्म का जिसने किसी से लेना है उसने लेना है, जितना देना है उसने देना है तो मैं यह काम क्यों करता हूँ, मैं सोचता हूँ फ़कीर चन्द! तूने यह क्या मकड़ी का जाला बनाया है? मैंने मकड़ी का जाला नहीं बनाया, नहि! मैं इस संसार में फ़कीर के चोले में आया ही इस वास्ते हूँ कि सन्तमत या हक़ीक़त या असलीयत को बिलकुल खोल कर के बता जाऊँ ताकि इन्सानी नसल जो बचना चाहती है वह इस असूल को समझ कर बचे, नहीं बचना चाहते तो मैं क्या करूँ या कोई क्या करे। यह है मेरे काम करने का असली उद्देश्य व असली खेल।

जब मुझे इस बात का यक़ीन हो गया कि मैं किसी के अन्दर नहीं जाता तो अब मैं क्या करता हूँ? मन को छोड़ जाता हूँ। परन्तु इस वक्त मैं यह समझता हूँ, कि ये सत्संगी मेरे सब से बड़े दुश्मन हैं क्योंकि आपकी रेडियेशन मुझ पर असर करती है, $2 \times 2 = 4$ के। केवल एक सूरत मैंने इस से बचाव की देखी कि मैं अपनी निजी गरज के लिए आपसे प्रेम नहीं करता, आप से क्या; लड़के से प्रेम नहीं करता, बहू से प्रेम नहीं करता, बीबी तो मर गई अब उनसे भी प्रेम नहीं करता, पोते-पोतियों को भी मैं छोड़ गया इस भ्रम में आकर कि रेडियेशन का क़ानून काम करता है। मगर इस रेडियेशन से कोई बच नहीं सकता, इस वास्ते सन्त कहते हैं, ऐ इन्सान! यह दुनिया जिसमें तू रहता है यह ऐसी ही है। इससे अगर बचना चाहता है तो तू मन से ऊपर चला जा, बस! लाख इन्सान कोशिश करे इस रेडियेशन के असूल से तुम बच कर जाओगे कहां क्योंकि दुनिया में रहते हैं। तो सन्तों के मार्ग में जन्म-मरण से बचने का एक तरीका है जो मैं कहा करता हूँ, जो साईन्स ने साबित किया है कि

डाक्टरों ने मरने वाले को सूक्ष्म तराजू पर रखा। जब उसकी रूह निकली तो वजन 5 ग्राम से 25 ग्राम तक घट गया। उस रूह का भारीपन क्यों था? क्योंकि मरने वाले को किसी स्थूल पदार्थ से प्रेम था। इसलिए जो गुरु को आदमी समझता है उसका तो बाप भी जन्म-मरण से नहीं निकल सकता क्योंकि वह फ़कीर चन्द को शरीर समझता है, उसका प्रेम शरीर के साथ है। आजकल का यह गुरुइज्म पाखण्डइज्म है "नाम लें जाओ जी, गुरु अन्त समय में तुमको सत्तलोक में ले जायेगा।" अरे! अन्त समय जो देहधारी गुरु तुम्हारे सामने आयेगा वह तुम्हें सत्तलोक नहीं ले जा सकता, हाँ! अच्छी योनि मिलेगी, अच्छे ख्यालात और अच्छे विचार मिलेंगे। क्योंकि मैंने देखा कि इस वक्त गुरुमत में बहुत सा धोखा व फ़रेब है, मेरे ज़िम्मे ड्यूटी थी, मैंने सच्चाई की घोषणा कर दी।

तो मुझे यकीन हो गया कि वह अजायब पुरुष कहाँ रहता है? वह मन के परे रहता है। चूँकि यह तजुर्बा मुझे आप सत्संगियों से हुआ इस वास्ते गुरु पूर्णिमा के दिन, ऐ मुझे गुरु मानने वाले प्यारो!

मेरे शरीर को कुष्ठ पड़े यदि में झूठ बोलूं, मैं आप लोगों के चरणों में अपना सिर निवा कर, आपको गुरु रूप समझ कर नमस्कार करता हूँ। क्यों? क्योंकि आप लोगों के कारण मुझे यह ज्ञान हुआ जिस चीज़ के लिए मैं सारी ज़िन्दगी तड़प-2 कर मर गया, हज़ारों रुपया मैंने आरती पर खर्च किया, हुक्म था गुरु की सेवा करो, मैं भी करता था। बारह वर्ष जो कमाया सब वहाँ भेजा मगर वह रहस्य हल नहीं होता था। दाता दयाल ने मुझे काम दिया था, कहा था फ़कीर चन्द! तुमको सच्चा सत्तगुरु सत्संगियों के रूप में मिलेगा और अब आप लोगों के अनुभवों ने मेरी आंख खोल दी। मैं इस काम से सुखी नहीं हूँ, आपको बिलकुल सच्ची बात कहता हूँ मगर :—

कर्म प्रधान विश्व कर राखा, जो जस कीन तस फल चाखा।

चूँकि मैंने प्रण किया था अपना अनुभव कह जाऊँगा, दाता दयाल को मैंने अपने ही विश्वास से अपना मालिक माना, अब मेरे दिल पर उनके हुक्म की ज़िम्मेवारी आ गई। क्योंकि उन्होंने कहा था, फ़कीर! चोला छोड़ने से पहले तालीम बदल जाना

इसलिए मैं मजबूर हूं।' अब आप लोग आते हैं, मैं जानता हूँ जहाँ मैं बोलता हूँ वहाँ आप नहीं जा सकते। यह वहाँ जाना भी अपने वश में नहीं है, जन्म-जन्मान्तरों के किस्मे होते हैं, कोई भाग्यशाली हो वहाँ जाता है। बाबा सावन सिंह जी कहा करते थे कि बड़े भाग्य हों तो सत्संग मिलता है, बड़े भाग्य हों तो सत्संग की बात समझ में आती है, बड़ा भाग्य हो तो वह अमल करता है।

आप गृहस्थियों के लिए मैंने 'इन्सान बनो' की आवाज उठाई है, जो काम करो विवेक से करो :—

गुरु पशु त्रिया पशु वेद पशु नर पशु संसार।
मानुष ताहे जानिए जा में विवेक विचार।

सोच समझ के साथ करो। क्या कहना चाहता हूं? सन्तान को सन्तान के ख्याल से पैदा करो। आजकल हम लोग खुदरौ सन्तान पैदा करते हैं और फिर आप यह उम्मीद करें कि वह आप के बच्चे जो खुदरौ हुए हैं ये जन्नत में रहेंगे, आप की सेवा करेंगे, आपकी खिदमत करेंगे, कैसे हो सकता है! परसों एक आदमी मेरे पास रोता हुआ आया, लड़के

को बड़ा पाला, पढ़ाया, शादी कर दी वह घर में लड़ाई करता था, अब अलग हो गया। मैं पूछता हूँ उस आदमी को, क्या तुम ने बच्चे को बच्चे के लिए पैदा किया था? अपने स्वाद के लिए औरत के पास हम जाते हैं बच्चे पेट में आ जाते हैं, फिर उम्मीद करते हैं कि वे बच्चे हमारी ताबेदारी करेंगे या हमारे लिए यह करेंगे, यह व्यर्थ बात है। एक विवेक तो मैं यह देना चाहता हूँ। दूसरा विवेक यह है कि तुम्हारे ख़याल में बड़ी भारी ताक़त है। इसका सबूत मैं तुमको देता हूँ। मैं तुमको गीता नहीं पढ़ाता, रामायण नहीं पढ़ाता, अंजील नहीं पढ़ाता, असूल की बात बताता हूँ। रात को तुम सो जाते हो तुमको गुस्सा आता है, किसी को मुक्का मारते हो, तुम्हारा हाथ हिल जाता है। रात को स्वप्न में डर जाते हो, तुम्हारी ज़बान बड़बडाती है, रात को स्वप्न में ख़्याली औरत बना लेते हो तुम्हारा वीर्य निकल जाता है। स्वप्न का ख़्याल तुम्हारे वश में नहीं है, जब स्वप्न का भी ख़्याल जो तुम्हारे वश में नहीं है, वह तुम्हारे शरीर पर असर करता है तो जागते हुए हमें किसी से नफ़रत है, किसी से द्वेष है,

किसी से झगड़ा है, किसी के विरुद्ध योजना बनाते रहते हैं किसी के विरुद्ध कुछ, किसी के विरुद्ध कुछ इसका असर तुम्हारे शरीर पर क्यों न होगा। यह Logical है, इसमें न किसी हिन्दु का सवाल है, न मुसलमान का सवाल है, न ईसाई का सवाल है, यह इन्सानियत का सवाल है। इस वास्ते इन्सान कौन है ? जो विवेक से रहता है।

विवेक, विचार जो मेंने समझा अपने कर्मभोग-वश कहता हूँ। ऐ दाता! पता नहीं मेरा दिमाग़ खराब हो गया है, आपने कहा था तालोम बदल जाना, जो कुछ मेरो समझ में आया मैं कहता रहता हूँ, अच्छा है तो, बुरा है तो, मुझे पता नहीं। मैंने आपको सबूत दे दिया, Logicaly बिलकुल असूल के अनुसार।

और विवेक यह है कि जब तुम्हारे ख़्याल में ताक़त है तो घरों में रहते हो, एक दूसरे का बुरा मत चाहो। यहाँ आजकल क्या है ? लड़का बाप के विरुद्ध है, औरत, पति के विरुद्ध है, भाई,भाई के विरुद्ध है, देश में क्या हो रहा है। एक पार्टी दूसरी

पार्टी के विरुद्ध है, फिर तुम यह आशा करते हो कि ऐसी हालत में तुम्हारा देश सुखी रहेगा? आप भूल जाओ :—

> इब्तदा-ए इश्क़ है रोता है क्या,
> आगे आगे देखना होता है क्या।

ये जो हमारे ख़्यालात हैं इनका नतीजा मैं नहीं कहता क्या हो, मगर इनका असर हमारे शरीर पर जरूर पड़ेगा, पड़ेगा, पड़ेगा, कोई ताकत रोक नहीं सकती। जो मर्जी चाहे पार्टी आ जाये वह हमको मुसीबत से नहीं बचा सकती क्योंकि यह प्रकृति का खेल है, इस वक्त नफ़रत का खेल है। राजनैतिक दल क्या गुण्डागर्दी नहीं करते, हम घरों में क्या कुछ नहीं करते, रोज झगड़े होते हैं और शीतयुद्ध (Cold war) रखते हैं, फिर, यह उम्मीद करो कि तुम सुखी रहोगे, यह ग़लत है। मेरे जिम्मे ड्यूटी था, मैंने कह दिया।

तीसरी बात, मैं नौजवान बच्चों को यह कहना चाहता हूँ जो मेरे पास आते हैं कि लड़के प्रौढ़ता (Maturity) से पहले अपने ब्रह्मचर्य को खो देते हैं।

कोई हाथरसी करता है, लड़कियाँ चपटी खेलती हैं, गन्दे ख़्यालात रखती हैं तो उनके शरीर के अन्दर दिमाग़ की ख़राबी होना, बीमारी होनी, यह होना, वह होना यह ज़रूरी बात है। इसलिए मैंने तालीम को बदला, अच्छी सन्तान पैदा करो, घर में शान्ति रखो, कम से कम जब तक तुम प्रौढ़ता (Maturity) को हासिल नहीं करते अपने मानसिक और शारीरिक ब्रह्मचर्य को क़ायम रखो, अच्छी औलाद पैदा करो।

चौथी बात यह है कि इन्सान का मन कमज़ोर है, इसकी क़ुव्वते-इरादो को बढ़ाने के लिए सुमिरन, ध्यान किया करो। मैं नहीं कहता तुम राधास्वामी-मत के हिसाब से सुमिरन करो, मैं नहीं कहता तुम सिक्खमत के हिसाब से करो, तुम मन को भ्रूमध्य में इकट्ठा करने की कोशिश किया करो, राम-राम के जाप से करो, अल्लाहू के जाप से करो, वाहेगुरु के जाप से करो, एक, दो, तीन, चार, पांच, दस के जाप से करो मतलब तो तुम्हारे मन की एकाग्रता की ज़रूरत है। जिसका मन एकाग्र होता है उसकी Will Power अच्छी हो जाती है, उसके काम हो

जाते हैं। एक बात मैं यह कहना चाहता हूँ, क्योंकि मेरे ज़िम्मे ड्यूटी थी तालीम बदल जाना, मैं किसी मज़हब का अनुयायी नहीं, न मैं हिन्दु हूँ, न मैं मुसलमान हूँ, न मैं राधास्वामिया हूँ, न मैं सिक्ख हू, न मैं ईसाई हूँ, मैं मनुष्य हूँ, आपकी तरह एक आदमी हूँ, जैसे आप हैं वैसे मैं हूँ, बन्दिशें (बन्धन) टूट गईं, दाता ने बड़ा रहम किया, सब ख़त्म हो गईं।

तो इन्सानियत के असूल मैंने आप को बता दिये। चूँकि मन बहुत चंचल है, ठहरता नहीं, इसको क़ाबू करना आसान नहीं! इसलिए इसका इलाज यह है कि सत्संग अच्छा रहे, एक। दूसरे, भ्रूमध्य पर सुमिरन किया करो मैं नहीं कहता तुम पाँचनाम का सुमिरन करो, राधास्वामी नाम का करो, आप की मर्ज़ी मुझ से अगर कोई पूछोगे तो मैं तो राधास्वामी नाम बताऊँगा क्योंकि मैं गुरु को प्रणाली तोड़ना नहीं चाहता मगर मैंने तो चेले कोई नहीं बनाये। प्रतिदिन प्रातः-साय ज़रूर पन्द्रह मिनट, बीस मिनट, आधा घण्टा ध्यान किया करो, आपकी ज़िन्दगी बदल जायेगी। दोसरे, हमारी हक़-हलाल

की कमाई होनी चाहिए। हम हेराफेरी करते हैं, चारसौबीस करते हैं, यह करते हैं, वह करते हैं तो जैसी हमारी कमाई है वैसा हम पर असर पड़ता है। तो ये चार-पाँच बातें हैं जो मैंने आपको कह दीं। ज़्यादा बोला नहीं जाता, पर सम्बन्धित मेरे टेपरिकार्ड भरे हुए हैं उनसे आपको ज़्यादा जानकारी हो सकती है।

आप लोग आये हैं। दाता! मैं पतित हूँ, आपकी शरण में गया था, पतित को आपने अंग लगाया! खेल खिलाया!! मेरे पास तो कुछ है नहीं। जो संस्कार आपने दिया मैं कर चला, अच्छा कर चला, बुरा कर चला मुझे पता नहीं। ज़िन्दगी तो अब समाप्ति पर है, ऐ मालिक! अपने चरण-कमलों में वासा दे दे, संसार भूल जाऊँ। आपका एहसान! आपने दाता के रूप में जो हुक्म दिया, बजा लाया, क्षमा चाहता हूँ एक घण्टा बोल दिया। सब को राधास्वामी!

# सत्संग परम सन्त मानव दयाल डा. ईश्वर चन्द्र शर्मा जी महाराज मानवता मन्दिर, होशियारपुर

दिनांक 31-10-82

[गतांक से आगे]

विशेषता का ज्ञान है वह तार-तार करता है, वह परमाणुओं को भी अलग कर देता है। वह विज्ञान तो भौतिक ज्ञान है उससे हम भौतिक शक्ति पर काबू पा सकते हैं। परन्तु उसका नुक्सान भी है, जैसे कि परमाणु का ज्ञान है, और एटमबम्ब बनता है, वे बम्ब अगर चला दिये जायें तो बारह मिनट के अन्दर सारी पृथ्वी का सत्यानाश हो जाये। यह भी ज्ञान है परन्तु जो आदमी इस ज्ञान को जानता है वह भी ज्ञानी नहीं है। ज्ञानी तो वह है जो जानता है कि मैं कौन हूँ, अपना आपा क्या है। मैत्री ने अपने पति ऋषि याज्ञवल्क्य जी से कहा था कि मुझ

ज्ञान दो, वह ज्ञान जिसके जानने के बाद किसी चीज़ को जानने की जरूरत नहीं रहती, वह सच्चा ज्ञान होता है। तो याज्ञवल्क्य जी ने कहा, मैत्री ! उस ज्ञान का क्या ज्ञान दिया जाय जिससे सब कुछ जाना जाता है, मैं उसी ज्ञान की बात कर रहा हूँ। महाराज जी को वह ज्ञान था। यों तो महाराज़ जी कहते थे मैं कुछ नहीं जानता परन्तु बताइये कौन सा ज्ञान था जो उनके पास नहीं था। पुरुषोत्तम दास जी के दामाद घर से भाग कर चले गये थे, जब मालिक को पुकार की गई कि बताओ वह कहाँ हैं तो आँखें बन्द करके कहते हैं कि कलकत्ते में एक पीले मकान में बैठे हैं। मामूली बात है परन्तु वह ज्ञान जिसको जानकर के और किसी चीज़ के जानने की जरूरत नहीं रहती उस ज्ञान को न आईनस्टाईन जान सका, न हवाई जहाज बनाने वाला जान सकता है, न एटमबम्ब के बनाने वाला जान सकता है, वह परमतत्त्व का ज्ञान जिसके पास है वही परमतत्त्व का अवतार है, बाकी नहीं हैं। बताओ, और किसी सन्त ने ऐसा कहा है, "मैं उस अजायब पुरुष को जानता हूँ, मैं उससे बात करता हूँ" है किसी को हिम्मत कहने

की ? इसलिए उसको परमतत्त्व का अवतार कहा है। और जब यह ज्ञान होता है तो वह ज्ञानी अलगाव नहीं करता, वह एक करता है, यह निशानी है गुरु की। जिसने ज्ञान प्राप्त कर लिया वह कभी अलगाव करेगा नहीं, किसी की फूट नहीं डलवायेगा अगर फूट डलवाता है, लड़ाई करवाता है वह सन्त काहे का। मेरे प्यारे सिक्ख भाइयो ! क्या यह सच्चा सौदा है अलगाव करने का, फोड़ने, नफ़रत व तबाही का ? सच्चा सौदा तो एक करने का है। वह ज्ञान मेरे मालिक में मौजूद था इसलिए मैं "परमतत्त्वस्य अवतारं" कहता हूँ। वैसे तो आप सब परमतत्त्व के अवतार हैं, मैंने कह दिया, आपके अन्दर भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः और सत्यम् भी है, इसलिए मैं आपसे किसी से भी तो घृणा नहीं कर सकता परन्तु उस ज्ञानी की बात करता हूँ।

उसके बाद है वैराग्य। यह वैराग्य क्या है ? वैराग्य का मतलब यह नहीं है कि भगवें कपड़े पहन कर आदमी वैरागी बन जाये बल्कि 'वैराग्य का मतलब है अन्तर का वैराग्य, वह जो दाता दयाल ने कहा हमारे मालिकेकुल के बारे में।—

तक दुनिया तर्के उकवा, तर्के मौला कर दिया,
तर्क का भी तर्क है, तर्क से दिल भर गया।

आहा! क्या कह दिया!! तर्के दुनिया तो बहुत करते हैं, कहते हैं हमने तर्क कर दिया परन्तु वह भी तर्के दुनिया जिन्होंने किया वह नहीं किया जो कहते हैं मैं भाग कर चला जाऊँ। अर्जुन ने कृष्ण जी से कहा कि मैं घबरा गया! (जो घबरा गया वह सन्त क्या!) कि ये मेरे रिश्तेदार, ये चाचे, भाई, ये मामा, ये सब मर जायेंगे। घबरा गया और कहने लगा कि महाराज! यह क्या!! इन गुरुओं को मारकर के, जिनको मारकर के मैं जीवित नहीं रह सकता इससे तो भिक्षा माँगना अच्छा है, मैं तो भागता हूँ! मैं भागता हूँ!! मुझे संन्यास चाहिए। यह वैराग्य नहीं होता। कृष्ण महाराज ने कहा, मूर्ख! यह बात सीखता है!! :—

अशोच्यानन्वशोचस्त्वं प्रज्ञावादांश्च भाषसे।
गतासूनगतासूंश्च नाऽनुशोचन्ति पण्डिताः॥

अरे! जिसके बारे में तुझे चिन्ता नहीं करनी चाहिए उसके बारे में तू चिन्ता करता है कि शरीर

मारे जायेंगे। अरे ! क्या वे शरीर हैं जो उनके बारे में चिन्ता करता है और फिर बात करता है कि मैं बड़ा विद्वान् हो गया, प्रज्ञावादी हो गया, क्या मूर्खता है यह।

गतासूनगतासूंश्च नाऽनुशोचन्ति पण्डिताः॥

जिसको ज्ञान होता है वह जो मर गये हैं उनके बारे में और जो जाने वाले हैं उनके बारे में कोई चिन्ता नहीं करता, छोटी सी बात क्या कि उसको यह दुःख होगा, उसको यह होगा ! किसको दुःख हुआ ? आत्मा को दुःख नहीं होता। किसी दूसरे की चिन्ता करना, प्यारे नागो ! अपनी मूर्खता है। कृष्ण जी ने यह कहा कि तू भाग के जा रहा है। लोग कहते हैं गीता वैराग्य देती है, संन्यास देती है, बहुत मूर्खता की बात है। अरे ! संन्यासी तो वह बनके जा रहा था, कहा रुक, यहाँ ठहर और अपना काम कर। काम क्या कर ? मार, क़त्ल कर। क्यों ? उस वक्त उसका क़त्ल करने का व्यवसाय था। जो आपका पेशा है उस पेशे के अन्दर आप दत्तचित होकर सच्चाई से काम करते चले जायें, उसमें मर जाना बेहतर है।—

स्वधर्मे निधनं श्रेयः, परधर्मो भयावहः।

जो आपका 'स्व' आपकी आत्मा का 'स्व' है उसमें मर जाना बेहतर है, किसी दूसरे के काम में दखल नहीं देना, एक तो यह दृष्टिकोण है परन्तु इस धर्म से ऊँचा धर्म जो है वह ज्ञान का है। सब कुछ उस को बता दिया। वह भाग रहा था, कहा कि भाग के क्या करेगा तू, तुझे ज्ञान तो है नहीं! तुझे सच्चा वैराग्य तो है नहीं!! जब पत्नी ने कुछ कह दिया घर छोड़ के साधु बन गये, न इधर के रहे न उधर के रहे! तुम मनुष्य से प्यार नहीं करते जो साक्षात् भगवान् की मूर्ति है, तो उस भगवान् से क्या प्यार करोगे जो तुम्हें दिखाई नहीं देता। घर का कर्त्तव्य पूरा करो पहले। यही महाराज जी ने कहा है कि पहले सच्चे दिल से गृहस्थ को निभाओ। वह तो भागा जा रहा था!, कृष्ण जी बड़े राजनीतिज्ञ व नैतिक थे, बहुत कुछ बताया उसे। कहा कि अरे भई! क्या करता है!! अरे तू भाग जायेगा!!! अरे भाग जायेगा तो तेरी निन्दा होगी, लोग कहेंगे इतना बोर था, इससे तो मर जाना बेहतर है, तब भी नहीं समझा।

फिर उससे कहा अरे भई ! ये कोई मरने वाले हैं ? कौन मरता है, कौन मारता है ! आत्मा किसी का मर नहीं सकती :—

अविनाशि तु तद्विद्धि येन सर्वमिदं ततम्।
विनाशमव्ययस्यास्य न कश्चित्कर्तुमर्हति ॥

वह परमतत्त्व जो सबके अन्दर है वह तो हमेशा अविनाशी है। उस ज़ात की शक्ति को, ज़ात को कोई नष्ट कर ही नहीं सकता। तू भागता कहाँ है ! नहीं समझ में आया। उससे कहा, अच्छा भई देखो ! चल कर्म कर, अपने कर्म करते हुए यह मालिक के समर्पण कर दे, वह सबसे ऊँचा है। वह भी समझ में नहीं आया। फिर उसको कहा, अरे मूर्ख ! यह दुनिया है कहाँ :—

तर्क दुनिया तर्क उकबा तर्क मौला कर दिया।
तर्क का भी तर्क है तर्क से दिल भर गया ॥

दाता दयाल जी ने महाराज जी को कहा कि तर्क़ का भी तर्क कर दे क्योंकि जिस तर्क में, जिस वैराग्य में, जिस संन्यास में यह ज्ञान है कि मैं वैरागी हो गया, मैं भगवें कपड़े पहन के बैठा हुआ हूं, वह

तर्क नहीं है बल्कि वैराग्य का भी वैराग्य हो वह ऊँचा है। तो उससे कहा, यह दुनिया क्या है? दुनिया जो है यह वहाँ से निकली है, प्रकृति है, गति है, आकाशगंगाएँ हैं सौरमण्डल हैं, अनेक लोक-लोकान्तर हैं। यह केवल कल्पना की बात नहीं है, आजकल का वैज्ञानिक इसे मान रहा है। दस-पन्द्रह दिन पहले अखबारों में आया था कि वैज्ञानिक कह रहे हैं कि दूसरे लोकों के जो बुद्धिमान् जीव हैं वे हमारे लोक से बातचीत करने की कोशिश कर रहे हैं। कोई नई बात नहीं है। तो क्या है दुनिया? यह सब उसी से निकला है। वह जो परमतत्त्व है उसका नाश नहीं होता, यह दुनिया निकलती है, फिर वापिस जाती है, निकलती है फिर वापिस जाती है, यह इस क़िस्म का जौहर है जैसे दाता दयाल ने कहा है कि वह परमतत्त्व ऐसा हीरा है जिसकी किरणें निकलती हैं तो ब्रह्माण्ड बन जाते हैं, जब किरणों को वह हटा लेता है तो वे लोप हो जाते हैं; परन्तु वह होता है, और यह जो सब है, यह है तो उसी का। जब उसको बताया; ज्ञान-विज्ञान बताया और कहा कि वह परमतत्त्व जो है उसका तो

कोई नाश होता नहीं इसलिए तू उसका ध्यान करके अपना कर्त्तव्य कर। फिर भी समझ में नहीं आया। फिर उसे भक्ति मार्ग बताया। फिर कहा, भई प्यारे! अच्छा तू ज्ञान नहीं समझता, तू ध्यान नहीं समझता, तू कर्म से भी नहीं रह सकता, तो उस मालिक को मान जो सबसे ऊँचा है, उसके आगे अपने आप को नमस्कार कर दे, बस। क्या कहा? कि अगर तू और कुछ नहीं कर सकता तो :—

मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु।
मामेवैष्यसि सत्यं ते प्रतिजाने प्रियोऽसि मे ।।

तू मेरा प्रिय भक्त है, अपने मन को मेरे में लगा दे। यदि नहीं मन लगता जैसे सब लोग कहते हैं आज मेरा मन नहीं लगता क्योंकि मन दुविधा में पड़ा हुआ है, इधर यह कि मेरे ये घर के काम हो जायें, इधर यह कि मालिक मिल जाय, तो मन नहीं लगता, तो अरे मेरा भक्त बन जा, मेरे से प्यार कर ले। यदि वह भी नहीं कर सकता, ध्यान नहीं कर सकता तो जो कुछ काम करता है, खाता है, पीता है, उठता है, बैठता है, जो करता है, मुझे ही समर्पण कर दे! तू कहता है कि मैं बीमार हूँ, मैं

कोई काम भी नहीं कर सकता, अच्छा भई, नहीं कर सकता, तो आखिरी बात बता दी :—

मामेवं नमस्कुरु ।

अरे ! मुझे नमस्कार ही कर दे। तब भी मेरे पास आयेगा; तू मेरा प्रिय है :—

मुझे सुमिरन कर आहुति दे, केवल नमस्कार ही कर दे।
मुझ में प्रिय समा जायेगा, सत्त के वचन कहता हूँ तुम से ॥

अब अर्जुन यह सोचने लगा यह कि मुझे ऐसा कहते हैं, अरे ! यह तो मेरा सखा है (मास्टर जी ! आप सखा ही समझते रहे परमतत्त्व को) तब उसको विराट् रूप दिखाया। वह जब दिखाया कि सारा ब्रह्माण्ड उसके अन्दर है तब काँपा, तब पग गिरा, कम्पायमान हुआ और कहा महाराज ! इस रूप को हटाओ, इस को हटाओ ! मैं डरता हूँ, मैं नमस्कार करता हूँ । उसके बाद उसे सौम्य रूप दिखाया। सब कुछ करने के बाद आखिर में यह कहा :—

सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज ।
अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः ॥

कि सब धर्मों को, दूसरे धर्म जो हैं वह करते रहो, लेकिन अब उनको भूल जा और सब कुछ छोड़ करके मेरी शरण में आ जा, ज्ञानी भक्त हो जा तब तुम्हें सब बातों से मुक्त कर दूंगा। तो वह मेरे परमतत्त्व आधार हैं, मालिक हैं। उन्होंने तर्क का भी तर्क दिखा दिया, (कहने की और बात है, कि मैंने तर्क कर दिया !) यह उनकी अवस्था थी :—

क्या है दुनिया ख्वाब है, और ख्वाब भी जाते फकीर।
दामे हिरसे मालोज़र में, वह नहीं हरगिज़ असीर।।

तो वैराग्य यह है कि दुनिया में रहते हुए, भगवें कपड़े पहनने की ज़रूरत नहीं है, दामे हिरस व माल व ज़र में रहते हुए उस का क़ैदी नहीं बनना है, यह उदाहरण मेरे मालिक ने क़ायम कर दिया। अरे ! पहाड़ में बैठ करके, संन्यास लेकर के कहना कि मैं वैरागी हूँ कोई बड़ी बात नहीं परन्तु जाओ अमेरिका के अन्दर, वहां रहो जहां पर आपका प्रलोभन है और वहाँ नहीं करो तो मालिक की कृपा से ही होगा। यह सच्चे वैराग्य

की ही बात है। और इतना वैरागी!, मैंने नहीं देखा किसी में, सिवाय अवतार के।

और ऐश्वर्य! ऐश्वर्य का तो क्या कहना है। ऐश्वर्य का मतलब है देने से, सब कुछ दे देने वाले थे। वह ऐश्वर्य नहीं कि राजा बन के बैठ जायें, राजा कोई चीज़ नहीं था उनके सामने। क्या ख़बर कितनों को करोड़पति बना दिया! कह देते थे, मांगो जो मांगते हो और वह देते थे। यह ऐश्वर्य! मुझे दिखाओ किसी सन्त में तब उसको परमतत्त्व का अवतार मानूं।

अब धर्म! धर्म क्या है? कि अनैतिक नहीं होना, यही नहीं बल्कि परम्परा को निभाना, यह महाराज जी ने कहा है कि परम्परा को निभाओ। एक उदाहरण सुनाऊँ :— सन् 1980 में महाराज जी मेरे पास आये। मेरे लड़के का उस वक्त विचार था एक अमरीकन लड़की से शादी करने का। मैंने कहा, महाराज जी! यह बात है। कहते हैं, भोगो! ऐसे ही कहा, कि तुमने भी तो जाति के बाहर शादी

RADHASWAMY DAYAL KI DAYA RADHASWAMY SAHAY
PURNADAYAL

की थी ऐसे मखौल में कहा परन्तु मेरी पत्नी तो बहुत प्यार करती थी। अच्छा ले आओ उसको। लड़का आया, उसको कहा, लड़की से मैं पूछूंगा। लड़की आई तो पूछा, क्या तू गोमांस खाती है? कहने लगी, नहीं खाती। ठीक बात है। फिर पूछा कि अगर अरुण किसी कारण भारत चला जाय तो तू उसके पीछे जायेगी? जाऊँगी, जाऊँगी। कहने लगे, अच्छा! कर ले इससे शादी। कहा तो यह! परन्तु कला और ही चलाई। कला ऐसी चलाई कि तीन महीने के बाद वह कहता है मैं तो यहां शादी करता नहीं, मैं तो भारत में करूंगा, गजब कर दिया! और मुझे कहा, कि अगर यह तुम्हारा लड़का यहीं शादी कर ले, अरे! भारत में मत कहना, परम्परा के विरुद्ध है। क्या मतलब? कि परम्परा के धर्म को भी एक दायरे के अन्दर निभाना अत्यन्त जरूरी है। भावुकता के संरक्षण के लिए और समाज के लिए यदि लड़का लड़की शादी कर लेंगे तो गलत बात है, क्योंकि गृहस्थ की यह परम्परा है कि धर्म पर चलना व धर्म का अनादर नहीं करना।

ज्ञान, वैराग्य, ऐश्वर्य, धर्म और अब यश यश कितना महाराज जी का फैला हुआ था। यश का सम्बन्ध होता है मन से, मन से प्रसन्न थे वह और श्री होता है लक्ष्मी का होना। लक्ष्मी का उन्होंने अपने लिए कभी इस्तेमाल नहीं किया परन्तु क्या कोई कमी थी! तो ये छः जो पद हैं, जिसमें साक्षात् हो जाते हैं वह परमतत्त्व का अवतार है। हमारे अन्दर ये छुपे हुए हैं, हम मनुष्य हैं, हम मनुष्य से परमतत्त्व को जायेंगे तो हमें इन छहों को निखारना पड़ेगा इसलिए वह ज्ञान, वह वैराग्य, वह ऐश्वर्य, वह धर्म, यश और श्री मेरे मालिक का था इसलिए जब गुरु को नमस्कार किया जाता है उस वक्त चरणों का सुमिरन करें क्योंकि वह ब्रह्मा, विष्णु, शिव भी हैं और तीनों से परे परमतत्त्व भी हैं, ऐसे परम पूज्य मेरे मालिक हैं।

अब 'मानवस्य परमम् इष्ट'—इष्ट क्या होता है? जो चीज हम चाहते हैं, जो हमारा लक्ष्य व उद्देश्य होता है। जीवन के बहुत से उद्देश्य होते हैं, चार उद्देश्य तो हैं ही जीवन के अर्थ, धर्म, काम और

मोक्ष। अर्थ भी उद्देश्य है इसी कारण महाराज जी नें कहा न ! कि सबसे पहले कमाओ। बच्चा पैदा होता है वह भूखा होता है, वह राम-राम नहीं करता। यह अर्थ भी एक इष्ट है। इष्ट वह चीज़ है जो हमारा लक्ष्य है, जिसे हम चाहते हैं और जिसे चाहना चाहिए। काम भी इष्ट है। काम कहते हैं मन की कामनाओं की तृप्ति को, जिसके अन्दर वह काम-प्रवृत्ति भी आ जाती है जिसके लिए शादी की जाती है। इसलिए आश्रम भी चार हैं, ब्रह्मचर्य आश्रम, अर्थ अर्थात् धन के कमाने के लिए और ज्ञान प्राप्त करने के लिए। गृहस्थ आश्रम, काम को तृप्ति के लिए और मनुष्य से मनुष्य का जो प्यार होता है उसका अनुभव करने के लिए ताकि मन सन्तुलित रहे। और धर्म के लिए तीसरा आश्रम है, वानप्रस्थ का जहाँ ज़्यादा समय है। मोक्ष के लिए जो इष्ट है वह संन्यास आश्रम है। इसी तरह से ये चारों हमारे इष्ट हैं परन्तु इससे परे, जिस इष्ट को पाकर के हम सब जितने भी हमारे दर्जे हैं, जहाँ सुख और दुःख है, जहाँ लाभ और हानि है, जहाँ जय और पराजय है

इनसे ऊपर उठ जाना है तो गुरु के चरणों में जाओ। परमतत्त्व के चरणों में जाना है और वह परमतत्त्व साक्षात् मनुष्य के रूप में आपके सामने थे इसलिए मैंने उनके बारे में कहा है "मानवस्य परमं इष्टं" अर्थात् सब इच्छाओं से ऊँची हमारी जो इच्छा है, सब के इष्ट, वह साक्षात् परम देव हैं।

फकीरं जगद्गुरुम्—जगद्गुरु इसलिए हैं कि उन्होंने हमें जगत् या संसार की बात भी बताई और यह भी बताया कि आदमी उच्चतम अवस्था में कैसे पहुँच सकता है। उन्होंने यह बताया कि भई! तुम संसार से अर्जुन की तरह भागो मत बल्कि पहले अपना कर्त्तव्य पूरा करो, गृहस्थ को अच्छा रखो, घर में शान्ति रखो, अगर शान्ति नहीं है तो मन नहीं टिकेगा। पहले प्रकाश आपको दिखाई देता था अब नहीं दिखाई देता, वहाँ कारण यह है कि घर में आपने अशान्ति कर दी, उसको दूर करना ज़रूरी है। बहू सास को, सास बहू को ताना देती हैं, नफ़रत करती हैं, यदि नफ़रत करते हैं तो वह कैसे सम्भव है। इसलिए पहले गृहस्थ में शान्ति लाना और

प्रेम से रहना ज़रूरी है। महाराज जी ने गृहस्थ के बारे में बहुत सत्संग दिये हैं कि इस संसार में पहले अपने आपको ठीक करो यदि नहीं किया तो साधना से नुकसान पहुँचेगा, यह बिलकुल सही बात है। जब मैं अमेरिका में जाता हूँ व बहुत लोगों को मैं कहता हूँ कि आप साधन शुरू करो। क्यों? क्योंकि उनकी बहुत सी ऐसी कामनाएं हैं जो तृप्त हो चुकी हैं, यहाँ वालों की अभी नहीं हुई हैं। वहाँ पर भौतिक अर्थात् जहाँ तक आर्थिक सम्बन्ध है वहाँ कोई बेईमानी नहीं करता कि चाय के अन्दर बुरादा मिला दे क्योंकि आप आसानी से, सीधे रास्ते से धन कमा सकते हैं, यह कारण है। वहाँ अगर कोई खाने में ऐसी मिलावट करे तो उसको फाँसी की सजा है। कत्ल करने की सजा फाँसी की नहीं है, मिलावट के लिए फाँसी की सजा है वहाँ के साम्राज्य में बहुत अच्छाइयाँ हैं इसलिए उनकी इच्छाएँ व कामनाएँ पूरी हैं। महाराज जी ने सन् 1968 में मुझे एक चिट्ठी लिखी थी, और मुझे कहा था कि तुम्हें मालूम है कि मैंने तुम्हें अमेरिका में क्यों भेजा था? क्योंकि अमेरिका वालों के पास शक्ति है, सत्ता है, और अगर वे पथभ्रष्ट हो गये

तो संसार का विनाश कर सकते हैं परन्तु उनके अन्दर मालिक को मिलने की इच्छा व जिज्ञासा है। क्यों है ? वे मांस खाते हैं, शराब पीते हैं, उनके पास हर किस्म की सुविधाएँ हैं परन्तु उन्होंने कहा, क्योंकि भौतिक समृद्धि इतनी हो गई, इतनी हो गई कि उसके अन्दर वह बिलकुल चरम सीमा तक पहुँच गये। जब आप ऊपर चोटी पर पहुँच गये फिर वहाँ से तो नीचे उतरना ही पड़ेगा ! आप भौतिकता की चोटी पर पहुँचे तो नीचे उतरना पड़ेगा और बात सही थी। मैं इसलिए कह रहा हूँ कि जब आदमी अपने शरीर को सारा दिन काम करके थका लेता है तो नींद बहुत अच्छी आती है। इन्होंने अपने आप को भौतिकता में लीन (विलीन) करके थका दिया है इसलिए यह बिलकुल सही बात है। सन् 1952 में मिल्लर नाम का एक अमेरिकन यहाँ खोज करने आया था कि भारत में सामाजिक व्यवस्था कैसी है। हमारी यूनिवर्सिटी में आया तो मेरे से उसकी बात हुई। मैंने कहा, तू बूढ़ा हो गया (वह साठ वर्ष का था), तू अब क्या खोज करेगा ! कहने लगा मैं खोज कर रहा हूँ क्योंकि मेरे पास

बहुत धन है, मैंने इतना कमा लिया, इतना कमा लिया कि यदि मैं और कमाऊँ तो उसमें से 90% सरकार ले जायेगी, मैं काहे को दूँ। मैंने कहा, तुम्हारे पास सम्पत्ति (wealth) कितनी है, क्या तू खुश है? कहता है, नहीं। क्यों।, उसके शब्द "I am Oppressed by wealth" अर्थात् मैं धन-सम्पत्ति से दुःखित हो गया हूँ, इतनी है। अब हमारे नवयुवक जो हैं वे तो पश्चिम का अन्धाधुन्ध अनुकरण कर रहे हैं। वह जो जिज्ञासा है उस जिज्ञासा को हमेशा के लिए तभी पूरा किया जा सकता है जब आपके घर के ये सारे काम ठीक हैं, इसीलिए महाराज जी ने दोनों का ज्ञान दिया है। गृहस्थ का ज्ञान दिया है यद्यपि आपको फटकार लगती है कि तुम आते हो पुत्र मांगने के लिए, यह मांगने के लिए, वह मांगने के लिए फिर दे भी दिया करते थे तो वह इसीलिए कहते थे कि बहुत कम लोग हैं जो कि परमतत्त्व को जानने के इच्छुक हैं, हालांकि उनके जीवन का उद्देश्य यही था इसलिए मैंने महाराज जी को परम इष्ट कहा है, मनुष्य का परम इष्ट। ऐसे गुरु आपको मिलें तो

आपको उनकी शरण में जाकर के फिर किसी चीज की जरूरत नहीं रहती :—

जब गुरु की शरण पाई, आस पूरी हो गई,
मिल गई गुरु पद से जब, माया से दूरी हो गई।

माया—सब सन्त, महन्त माया के अन्दर तो हैं परन्तु माया से दूरी कैसे हो गई ? दूरी का मतलब मैंने उसको बताया कि यह नहीं कि भाग जाना है। अर्जुन तो भागने वाला था उसको कहा, नहीं ! तू युद्ध कर। बात क्या थी ? अर्जुन ने अब तक शरणागत नहीं ली थी, शरणागत नहीं हुआ था, वह तो अपनी बुद्धि का प्रयोग कर रहा था। वह क्या कहता था ? अरे ! ये मेरे पूज्य, जिनकी पूजा मुझे फूलों से करनी चाहिए उनको मैं अपने वाणों से मारूँ, यह कैसे हो सकता है ! दादा, परदादा उधर थे, पोते इधर थे तो यह देखकर के वह घबरा गया था और कहने लगा कि नहीं ! लड़ाई नहीं होनी चाहिए। फिर उसने युद्ध के दोष बताये। वह कहता है कि कोई युद्ध जब होता है तो नुक्सान ही होता है और यदि ये मूर्ख दुर्योधन वाले नहीं जानते कि युद्ध करने से विनाश हो जायेगा, स्त्रियाँ दुष्ट हो जायेंगी,

वर्ण-संकर पैदा हो जायेंगे और पितर जो हैं वे नर्क में पड़ जायेंगे तो हमें तो जानना चाहिए महाराज ! आह ! ऐसा लगता है कि बड़ी विद्वत्ता की बात कर रहा है कि हम काहे को युद्ध करें, मुझे जाने दो। कृष्ण जी ने उसे कहा, मूर्ख ! तू बात क्या कर रहा है !! क्या सचमुच उसे वैराग्य हो गया था ? अरे ! वैराग्य तो तब आता है जब गुरु ज्ञान देता है, जब कोई इच्छा संसार की ऐसी नहीं रहती जो कि तृप्त हो सकती हो और तृप्ति नहीं हो। मैं अपने अनुभव से यह जानता हूँ कि पहले कुछ चीजें ऐसी थीं जिन को मैं चाहता था कि ये नहीं होनी चाहिएँ, उस के लिए कुछ प्रयास करता था, अब गुरु की कृपा से प्रयास नहीं करना पड़ता अपने आप होती हैं, माया अपने आप ही हो जाती है। क्यों ? यह नहीं ! कि आप का काम नहीं बनता, काम तो बनता है, वह अपने आप ही बन जाता है। अर्जुन चूंकि शरणागत नहीं हुआ था और वह कह रहा था कि मैं वैरागी बनना चाहता हूँ तो उसको कहा नहीं ! ऐसा नहीं हो सकता कि तुम बिलकुल भाग के चले जाओ। जब उसको यह बताया कि ठीक है, यह बात सही है

कि विषयों के अन्दर अपनी सुरत को लगा देने से फिर आदमी नीचे गिर जाता है लेकिन स्थितप्रज्ञ वही है जोकि अपनी इच्छाओं का दास नहीं बनता बल्कि उ-दास अर्थात् ऊपर का दास हो जाता है परन्तु इसका मतलब यह नहीं है कि वह सुनता नहीं, देखता नहीं, खाता नहीं, पीता नहीं। उसकी हालत ऐसी हो जाती है कि जो उसकी इछचाएं और कामनाएँ हैं वे अपने आप ही पूर्ण हो जाती हैं। इस की मिसाल दी है दूसरे अध्याय में:—

आपूर्यमाणमचलप्रतिष्ठं समुद्रमापः प्रविशन्ति यद्वत् ।
तद्वत्कामा यं प्रविशन्ति सर्वे स शान्तिमाप्नोति न कामकामी ।।

जब वह गुरु के शरणागत हो जाता है तब उसका जो चरित्र है, उसका जो व्यक्तित्व है वह ऐसे हो जाता है जैसे कि एक समुद्र हो जाता है। नदी में तो बाढ़ आ जाती है और वे बाढ़ में आई हुई नदियाँ हर चीज को बहाती हुई व नाश करती हुई चली जाती हैं लेकिन वे नदियाँ जब समुद्र में प्रवेश करती हैं तो समुद्र अपनी मर्यादा से चलायमान नहीं होता, समुद्र में बाढ़ नहीं आती। गुरु की कृपा से आपका व्यक्तित्व, आप की शख्सियत हो ऐसी गई है कि सभी

कितनी ही लगाओ फेल हो जाती है। इसको तो समझना या तो मालिक के वश की बात है या फिर ये सन्त ही जानें। तो दयाल स्वरूप परम सन्त ताराचन्द जी महाराज अचानक एक थैले में अपनी ज़रूरत का थोड़ा सा सामान डाल कर रात को अकेले और पैदल ही दिनोद से भिवानी 12 कि. मी. चल कर 4 बजे, कहने का अर्थ 2 घण्टे से पहले हो पहुँच कर चण्डीगढ़ की गाड़ी में सवार हो गये। जिनका पैदल चले कम से कम 15 वर्ष से भी अधिक हो गये, दूसरी बात जब भी बाहर जाते हैं तो इनके साथ 15-20 आदमी ज़रूर होते हैं परन्तु इस ठिठुरती सर्दी में अंधेरा रात में और उस समय भी बिलकुल चुपचाप रास्ते में एक गाय, एक साँड और बीच जंगल के एक नील गाय के सिवाय कुछ भी उनको नहीं मिला। ऐसा क्यों ? उनसे जब पूछा गया तो उसी सादगी के भाव में कहा—मैं तो आराम से आ गया, मुझे कोई तकलीफ़ नहीं हुई, न ही किसी प्रकार का ख़्याल आया। और रास्ते में कुछ भी नहीं खाया सिर्फ़ दो दाने खजूर के ही खाये जो उनके पास थे। सुबह 11 दिसम्बर को 2 बजे चल कर होशियारपुर

